TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**2024**

05 नवंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक दिन वर्षों का संघर्ष बहुत खूबसूरत तरीके से तुमसे टकरायेगा।

**सिगमंड फ्रायड**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

T u e s d a y

## 05 नवम्बर

1. **पानीपत के द्वितीय युद्ध में हेमू की हार–** पानीपत की द्वितीय युद्ध उत्तर भारत के हेमचन्द्र विक्रमादित्य (लोकप्रिय नाम– हेमू) और मुगल बादशाह अकबर की सेना के बीच पानीपत, हरियाणा के मैदान में 5 नवम्बर, 1556 ई. को लड़ा गया था। अकबर के सेनापति खान जमान और बैरम खान के लिए यह एक निर्णायक जीत थी। हेमू ने अपनी सेना का स्वयं नेतृत्व किया था। हेमू की बड़ी सेना के बावजूद अकबर की सेना ने जंग को जीत लिया। युद्ध के दौरान हेमू की एक आँख में तीर लग गई, जिससे हेमू की सेना में भगदड़ मच गई। हेमू को बंदी बनाकर मौत की सजा दी गई थी।
   - **संदर्भः** बच्चों को **मुगल साम्राज्य** के अंतर्गत **पानीपत का द्वितीय युद्ध** से जोड़कर बतायें।
2. **मंगलयान का प्रक्षेपण–** 5 नवम्बर, 2013 ई. को ही भारत ने मंगलयान का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया था। मंगलयान के मंगल ग्रह की कक्षा में स्थापित होते ही मंगल ग्रह पर पहुँचने वाला विश्व का चौथा देश भारत बन गया।
   - **बच्चों को क्या दिखायें?** फिल्म 'मिशन मंगल' दिखा सकते हैं।
3. **चित्तरंजन दास का जन्म–** 'देशबन्धु' के नाम से प्रसिद्ध भारत के स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का जन्म 5 नवम्बर, 1870 ई. को कोलकाता में हुआ था। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे एक राजनीतिज्ञ, नेता, वकील कवि और पत्रकार भी थे।
4. **विश्व सुनामी जागरूकता दिवस–** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर 2015 में प्रतिवर्ष 5 नवम्बर को विश्व सुनामी जागरूकता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय निकाय और नागरिक में सुनामी जागरूकता बढ़ाने और जोखिम में कमी लाने के लिए अभिनव दृष्टिकोण साझा करने का आह्वान किया। यह दिवस जापान की देन है, जो कई बार इस तरह के बुरे अनुभव के कारण वर्षों से सुनामी की पूर्व चेतावनी, सार्वजनिक कार्रवाई और भविष्य में प्रभावों को कम करने के लिए आपदा प्रबंधन में विशेषज्ञता का निर्माण किया है।

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

5 नवंबर

मधु प्रिया

## विश्व सुनामी जागरूकता दिवस 5 नवम्बर




सुनामी एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है "हार्बर लहरें" क्योंकि जब भी सुनामी आती है तो बंदरगाह नष्ट हो जाते हैं।अधिकांश सुनामी क्षति और विनाश बाढ़, लहर के प्रभाव, कटाव, मजबूत धाराओं और तैरते मलबे (उदाहरण के लिए, पेड़, संरचनाएं, वाहन और अन्य चीजें जो  पीटने की तरह काम कर सकती हैं के कारण होती हैं। पानी उतना ही ख़तरनाक हो सकता है, अगर उससे ज़्यादा नहीं, क्योंकि वह अपने साथ मलबा और लोगों को लेकर समुद्र में लौट आता है। जापान ने इस तिथि का प्रस्ताव रखा, क्योंकि "विश्व सुनामी जागरूकता दिवस" का उद्देश्य लोगों के बहुमूल्य जीवन की रक्षा करना है, और इस प्रकार इसे "इनामुरा-" जैसे "पारंपरिक, स्वदेशी और स्थानीय ज्ञान और प्रथाओं" के उदाहरण के साथ जोड़ा जाना चाहिए। वार्षिक दिवस का प्रत्येक संस्करण विषयगत होगा। 2023 में, विश्व सुनामी जागरूकता दिवस एक लचीले भविष्य के लिए असमानता से लड़ने को बढ़ावा देगा। यह थीम आपदा न्यूनीकरण के अंतर्राष्ट्रीय दिवस की थीम को प्रतिबिंबित करेगी, एक लचीले भविष्य के लिए असमानता से लड़ना। आज से 15 साल पहले आई थी इस युग की सबसे बडी तबाही। 26 दिसंबर 2004 को 9.1 तीव्रता का एक भयानक भूकंप आया और अपने साथ लाया मौत की सुनामी। अधिकांश सुनामी क्षति और विनाश बाढ़, लहर के प्रभाव, कटाव, मजबूत धाराओं और तैरते मलबे (उदाहरण के लिए, पेड़, संरचनाएं, वाहन और अन्य चीजें जो पीटने की तरह काम कर सकती हैं) के कारण होती हैं। पानी उतना ही ख़तरनाक हो सकता है, अगर उससे ज़्यादा नहीं, क्योंकि वह अपने साथ मलबा और लोगों को लेकर समुद्र में लौट आता है।




**चित्तरंजन दास** *Chittaranjan Das*, जन्म- 5 नवंबर, 1870, कोलकाता; मृत्यु- 16 जून, 1925) महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिनका जीवन 'भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन' में युगांतकारी था। चित्तरंजन दास को प्यार से 'देशबंधु' (देश के मित्र) कहा जाता था। ये महान राष्ट्रवादी तथा प्रसिद्ध विधि-शास्त्री थे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 05.11.2024

## माइम

माइम का मतलब है, बिना किसी आवाज़ के गाने, बजाने या कुछ कहने का नाटक करना. यह एक अशाब्दिक संचार है, जिसमें अभिनेता चेहरे के भाव, हाव-भाव, और शारीरिक हरकतों का इस्तेमाल करके दर्शकों से बातचीत करते हैं. माइम में, अभिनेता किसी भूमिका को मूकाभिनय या नकल करके निभाते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar





चीन ने दुनिया की सबसे तेज अल्ट्रा High Speed मैग्लेव ट्रैन को टेस्ट किया है जिसकी स्पीड 1000 किमी प्रति घंटा है यानि की एक एयरप्लेन से भी तेज।

# TOB

राकेश कुमार



## खेल कॉर्नर





## टेबल टेनिस



# टेबल टेनिस खेल क्या है?

टेबल टेनिस एक रैकेट और गेंद के साथ दो खिलाड़ियों या युगल टीमों के बीच खेला जाता है। पहली विश्व चैंपियनशिप साल 1926 में लंदन में आयोजित की गई थी।







### टेबल टेनिस के नियम

- खेल की शुरुआत में, पहले सर्व कोई भी **एक खिलाड़ी** करता है।
- सर्व को केवल उच्चतम **6 इंच की ऊचाई** से करना होता है।
- प्रत्येक खेल में **11 पॉइंट** होते हैं।
- प्रत्येक खिलाड़ी को **दो सर्व** दी जाती है, और तब हर तीसरे सर्व परिवर्तन होता है।

इस खेल का आविष्कार 20वीं सदी के शुरुआती दिनों में इंग्लैंड में हुआ था और इसे मूल रूप से पिंग-पोंग कहा जाता था, जो एक व्यापारिक नाम था। टेबल टेनिस नाम 1921-22 में अपनाया गया था जब 1902 में गठित पुराने पिंग-पोंग एसोसिएशन को पुनर्जीवित किया गया था।



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

5 नवम्बर 1988

HAPPY BIRTHDAY

# जन्मदिवस की अशेष शुभकामनाएं।






# विराट कोहली

# जयंती पर सादर नमन



## चित्तरंजन दास

5 नवंबर 1870-16 जून 1925

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# Teachers of Bihar

**The change Makers**





# विराट कोहली

**को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं**

**5 नवंबर 1988**

**HAPPY BIRTHDAY**

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari